

**श्री नरेन्द्र मोदी**
माननीय प्रधानमंत्री



**श्री हेमन्त सोरेन**
मुख्यमंत्री, झारखण्ड





# "अपना आशियाना मिलने के साथ पूरा हुआ जीवन का बड़ा सपना"

विजय कुमार, पिता-गनौरी राम, वार्ड नंबर 12, हमीदगंज, मेदिनीनगर नगर निगम क्षेत्र के निवासी हैं। वह एक प्रिंटिंग प्रेस में काम करते हैं जहाँ उन्हें मासिक वेतन के रूप में 6,000 रू० मिलते हैं। उनके परिवार में उनके अलावा उनकी पत्नी व दो बच्चे हैं। पहले उनके पास रहने के लिए टूटा-फूटा मिट्टी का कच्चा मकान था। बारिश के दिनों में उनके घर में पानी भर जाता था। उनकी आमदनी इतनी भी नहीं थी कि वे अपना कोई पक्का मकान बना सकें। उनकी पत्नी सीमा देवी स्वयं सहायता समूह से जुड़ी हुई हैं जहां से उन्हें प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के बारे में जानकारी मिली, जिसके बाद उनके मन में इस बात का पक्का विश्वास हो गया कि उनका भी अपना 'पक्के का मकान' हो सकता है। इसके उपरांत उन्होंने मेदिनीनगर नगर निगम कार्यालय जाकर इस योजना के बारे में पूरी जानकारी प्राप्त की। कुछ जरूरी कागजी औपचारिकताओं को पूरा करने के बाद उन्होंने इस योजना के तहत आवास के लिए आवेदन किया। नगर निगम के अधिकारी जाँच के लिए उनके घर आए। तदोपरांत नगर निगम कार्यालय से आवास के लिए स्वीकृति व कार्यादेश मिलने के बाद उन्होंने मकान बनाना शुरू कर दिया। कार्यालय द्वारा निर्धारित निर्माण कार्य पूरा होने पर उन्हें इस मद में चार किश्तों में कुल 2 लाख 25 हजार रुपये की धनराशि मिली। इसके अलावा अपने किसी परिचित से कुछ पैसे उधार लेकर अंततः उन्होंने अपना पक्का मकान बनाने का कार्य पूरा कर लिया। इस बारे में बताते हुए विजय कुमार की आँखों में खुशी के आंसू छलक आए। उन्होंने भावुक होते हुए कहा कि इस प्रकार हमारा 'अपने घर' का बड़ा सपना पूरा हुआ। इस नए मकान में दो कमरे, एक हॉल, एक किचन व शौचालय हैं। इसके अलावा इस घर में बिजली, पानी, रसोई गैस आदि की सभी जरूरी सुविधाएं सरकार की तरफ से सुनिश्चित की गई है। विजय कुमार के मुताबिक इस घर में वह सभी जरूरी सुविधाएं उपलब्ध हैं जिसकी उन्हें जरूरत थी। अब इस घर में वह और उनका पूरा परिवार सुकून के साथ रह सकता है। उन्होंने इसके लिए केंद्र व राज्य सरकार, अपने वार्ड पार्षद तथा नगर निगम के तमाम पदाधिकारियों व कर्मचारियों को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए उनका ह्रदय से आभार व्यक्त किया है।

**नगरीय प्रशासन निदेशालय, नगर विकास एवं आवास विभाग, झारखंड सरकार**

टॉल फ्री नं०: 1800-120-2929 | वेबसाइट: dmajharkhand.in | Follow us on : @JharkhandDMA